कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय /Regional Office
पंचदीप भवन, ई.डी.सी. प्लॉट संख्या 23, पाट्टो, पणजी, गोवा - 403001
Panchdeep Bhavan, EDC Plot No. 23, Patto, Panaji, Goa-403001
Phone: 0832-2438853 ई-मेल/E-mail : rd-goa@esic.nic.in,
वेबसाइट/Website : www.esic.nic.in

सं: 32-ए-20/11/2/2025-स्था.(262) दिनांक: 23/05/2025

## वर्ष 2025 का कार्यालय आदेश संख्या 59

क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) ने कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित बहुकार्य (गैर-तकनीकी) स्टाफ तथा हवलदार (सीबीआईसी और सीबीएन) परीक्षा, वर्ष-2024 की योग्यता क्रमसूची (मेरिट लिस्ट) के आधार पर **श्री ओम बाबु** की **बहुकार्य स्टाफ के रूप** में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के गोवा क्षेत्र में **दिनांक 20/05/2025 (पूर्वाह्न) से** नियुक्ति को अनुमोदन प्रदान किया है। उनका तैनाती स्थान निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | अनुक्रमांक सं. | कर्मचारी का नाम | श्रेणी/ श्रेणी जिसके लिए चयन किया गया है | तैनाती स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 3206239706 | श्री ओम बाबु | अन्य पिछड़ा वर्ग/ अनारक्षित | वित्त एवं लेखा शाखा, क.रा.बी.निगम, क्षे.का., गोवा |

2. श्री ओम बाबु की नियुक्ति अस्थायी आधार पर की गई है और यह नियुक्ति इस कार्यालय के ज्ञापन संख्या 32-ए/12/24/1/2024-स्था.(परीक्षा), दिनांक 22/04/2025 द्वारा उन्हें जारी नियुक्ति प्रस्ताव में निहित निबंधनों और शर्तों तथा समय-समय पर यथा-संशोधित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (स्टाफ तथा सेवा की शर्तें) विनियम, 1959 में उल्लिखित निबंधनों और शर्तों के अधीन है।
3. वह अपनी नियुक्ति की तिथि से 2 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे तथा निगम में उनकी सेवाएं नियुक्ति की अस्थायी अवधि के दौरान किसी भी पक्ष की ओर से एक माह के लिखित नोटिस पर समाप्त की जा सकेंगी।
4. वह दिनांक 20/05/2025 से उनकी नियुक्ति पर समय-समय पर लागू देय भत्तों सहित वेतन मैट्रिक्स में लेवल 1 (न्यूनतम वेतन रु. 18,000/-) में वेतन आहरित करेंगे।
5. वर्तमान में उनकी तैनाती बहुकार्य स्टाफ के रूप में वित्त एवं लेखा शाखा, क.रा.बी.निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, गोवा में की गई है लेकिन उन्हें क.रा.बी.निगम, गोवा क्षेत्र में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है।
6. वह भारत सरकार द्वारा दिनांक 1/1/2004 से प्रभावी नई अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत शासित होंगे।

7. उनकी नियुक्ति उनकी पहचान, प्रत्यय पत्रों (क्रेडेंशियल्स), वास्तविकता, चरित्र और पूर्ववृत्तों, श्रेणी तथा उनके द्वारा प्रस्तुत किसी भी अन्य महत्वपूर्ण सूचना के सत्यापन के शर्ताधीन की गई है ।

8. कार्यग्रहण रिपोर्ट/ कार्यभार रिपोर्ट संबंधित शाखाओं/ अधिकारियों को भेजी जाए।

Digitally signed by Hemant Kumar
Date: 23-05-2025 17:17:32

(हेमंत कुमार)
उप निदेशक(प्रशासन)
कृते क्षेत्रीय निदेशक(प्रभारी)

सेवा में

श्री ओम बाबु, बहुकार्य स्टाफ, क.रा.बी.निगम, गोवा

प्रतिलिपि

1. वैयक्तिक सहायक प्रकोष्ठ, क.रा.बी.निगम, क्षे.का., गोवा।
2. वित्त एवं लेखा शाखा/ रोकड़ शाखा, क.रा.बी.निगम, क्षे.का., गोवा।
3. सभी शाखाएं, क.रा.बी.निगम, क्षे.का., गोवा।
4. सभी शाखा कार्यालय, क.रा.बी.निगम, क्षे.का., गोवा।
5. वैयक्तिक फाइल/अतिरिक्त प्रति।